14वां सत्र	1898 (29-31 दिसंबर)	मद्रास	आनंद मोहन बोस	भारतीय इतिहास और संस्कृति को संरक्षित करने की जरूरत पर चर्चा।
15वां सत्र	1899 (27-29 दिसंबर)	लखनऊ	रोमेश चंद्र दत्त	भारतीय किसानों और मजदूरों की समस्याओं पर फोकस, सामाजिक न्याय पर जोर।
16वां सत्र	1900 (27-29 दिसंबर)	लाहौर	एन.जी.चंदावरकर	भारतीय प्रशासनिक सेवा में सुधार की मांग, भारतीय युवाओं को राजनीतिक प्रक्रिया में शामिल करने पर बल।
17वां सत्र	1901 (26-28 दिसंबर)	कलकत्ता	दिनशॉ एडुलजी वाचा	स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत के लिए रणनीतियाँ, राजनीतिक जागरूकता का विस्तार।
18वां सत्र	1902 (28-30 दिसंबर)	अहमदाबाद	सुरेन्द्रनाथ बनर्जी	सामाजिक सुधार और शिक्षा को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श।
19वां सत्र	1903 (28-30 दिसंबर)	मद्रास	लाल मोहन घोष	भारतीय युवाओं में राष्ट्रीय भावना का विकास, सांस्कृतिक एकता पर जोर।
20वां सत्र	1904 (26-28 दिसंबर)	बंबई	सर हेनरी कॉटन	आर्थिक सुधारों और स्वदेशी वस्त्रों को बढ़ावा देने की दिशा में चर्चा।

महत्वपूर्ण फ़ैक्ट :

- **1907** में **इंडियन नेशनल कांग्रेस** में **उग्रवादियों (extremists)** और **मध्यमवादियों (moderates)** के बीच मतभेदों के कारण **कांग्रेस का विभाजन** हुआ।
    - यह विभाजन **सूरत सत्र (1907)** में हुआ, जहां **लाल-बाल-पाल** (लालालाजपत राय, बिपिन चंद्र पाल और बाल गंगाधर तिलक) के नेतृत्व में उग्रवादी समूह और **गोकुलनाथ, पेरोज़ेशाह मेहता** जैसे मध्यमवादी नेता आपस में भिन्न हो गए। इसके परिणामस्वरूप, कांग्रेस दो गुटों में बंट गई: एक उग्रवादी गुट और एक मध्यमवादी गुट।
- **ब्रुसेल्स में 1927 में हुए 'ऑपरेस्ड नेशन्स कांग्रेस'** में **भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (INC)** की ओर से **सुभाष चंद्र बोस** ने भाग लिया था। यह कांग्रेस उपनिवेशी देशों के स्वतंत्रता संग्रामों के समर्थन में आयोजित की गई थी।
- **1927 के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सत्र में साइमन कमीशन** का **बहिष्कार** करने का निर्णय **कलकत्ता** में लिया गया था। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने साइमन कमीशन का बहिष्कार किया क्योंकि उसमें भारतीय प्रतिनिधि नहीं थे, और इसे ब्रिटिश साम्राज्य की तानाशाही के रूप में देखा गया।

6 CHAPTER भारतीय आन्दोलन के चरण

प्रथम चरण (1885-1905 ई.) - नरमपंथी विचारधारा

- **ब्रिटिश शासन भारत के लिए दैवीय वरदान है।**
- भारतीय समाज जड़ है, इनमें राजनीतिक जागरूकता नहीं है, इसलिए इन्हें राष्ट्रीय आंदोलन में शामिल नहीं किया जाना चाहिए।
- नरमपंथी नेताओं का ध्यान भारतीय जनता की मांगों को अभिव्यक्त करने पर था, जैसे कि ब्रिटिश शासन के प्रति अनुनय-विनय, ज्ञापन और प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करना।
- इन्हें शैक्षिक विकास के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना का प्रचार करना चाहिए था।

प्रमुख नरमपंथी नेता:

- दादाभाई नौरोजी
- फिरोजशाह मेहता
- गोपाल कृष्ण गोखले
- बदरुद्दीन तैयबजी
- सुरेंद्रनाथ बनर्जी
- व्योमेश चंद्र बनर्जी

द्वितीय चरण (1905-1919 ई.) - गरमपंथी युग

- **गरमपंथी नेताओं का मानना था कि ब्रिटिश शासन शोषणकारी है और भारतीयों को अधिकार मिलना चाहिए।**
- गरमपंथी नेता चाहते थे कि भारतीय समाज को राजनीतिक जागरूकता दी जाए, ताकि स्वतंत्रता की ओर एक मजबूत कदम बढ़ाया जा सके।
- गरमपंथियों के आंदोलन में स्वदेशी आंदोलन और विदेशी वस्त्रों का बहिष्कार शामिल था।

प्रमुख गरमपंथी नेता:

- बाल गंगाधर तिलक
- लाला लाजपत राय
- विपिन चंद्र पाल
- अरविंद घोष

मुस्लिम लीग का गठन:

- अक्टूबर 1906 में आगा खान के नेतृत्व में मुस्लिम प्रतिनिधि दल शिमला जाकर लॉर्ड मिंटो से मिला। लॉर्ड मिंटो ने मुस्लिमों को संगठित होने का सुझाव दिया।
- 30 दिसम्बर 1906 को मुस्लिम लीग की स्थापना ढाका के नवाब ख्वाजा सलीमुल्लाह ने की। इसके पहले सम्मेलन की अध्यक्षता वकार-उल-मुल्क ने की।
- 1908 में अमृतसर में आयोजित बैठक में मुस्लिम नेताओं ने पृथक निर्वाचन की मांग की।

1916 - लखनऊ अधिवेशन

- **अध्यक्ष:** अम्बिका चरण मजूमदार
- गरमपंथी और नरमपंथी नेताओं के बीच समझौता हुआ।
- कांग्रेस और मुस्लिम लीग के बीच भी समझौता हुआ।
- इस समझौते के करण -
  - सूरत अधिवेशन में हुए विवाद के कारण गरमपंथी नेताओं को अलग-थलग कर दिया गया। कांग्रेस राष्ट्रीय आंदोलन का मुख्य केंद्र बन गया।
  - 1907 के बाद नरमपंथी नेता निष्क्रिय हो गए थे, लेकिन समझौते के कारण नया उत्साह आया।
  - नरमपंथी ब्रिटिश नीतियों से अन्तुष्ट थे | 1909 ई. के सुधार उनके आशानुरूप नही हुआ |
  - गरमपंथी की विचारधारा मई परिवर्तन आया |
  - कट्टर नरमपंथी नेत्र फिरोजशाह एवं गोपाल कृष्ण गोखले की 1915 में मृत्यु हो गयी |
  - 1917 में कांग्रेस में पुन: फुट पड़ गई |

1909 का भारत परिषद् अधिनियम (मार्ले-मिंटो सुधार)

- केंद्रीय विधान परिषद में सदस्यों की संख्या बढ़ाई गई। इसमें 69 सदस्य थे, जिनमें 9 स्थायी सदस्य और 60 अतिरिक्त सदस्य थे।
- गवर्नर जनरल की कार्यकारी परिषद में एक भारतीय सदस्य नियुक्त किया गया। **(सत्येन्द्र प्रसाद सिन्हा प्रथम भारतीय सदस्य थे जिन्हें विधि सदस्य बनाया गया)**
- प्रांतीय विधान परिषद में भी सदस्यों की संख्या बढ़ाई गई। बंगाल, मद्रास, बॉम्बे, और उत्तर प्रदेश में 50 सदस्य थे और पंजाब, बर्मा, असम में 30 सदस्य |
- विधान परिषद के सदस्यों को विशेष मुद्दों पर चर्चा करने का अधिकार दिया गया, बजट पर बहस कर सकते थे लेकिन बजट पर मत विभाजन नही करवाया जा सकता था |
- लेकिन कुछ विषयों पर चर्चा नहीं की जा सकती थी, जैसे विदेश नीति, देशी राज्य, रेलवे, ऋण और ब्याज।
- मुस्लिमों को पृथक निर्वाचन का अधिकार मिला।
- भारत परिषद में भी एक भारतीय सदस्य की नियुक्ति की जाएगी (भारत परिषद में पहले भी भारतीय सदस्य होते थे लेकिन अब अनिवार्य कर दिया गया था , 1907 में भारत परिषद में 2 भारतीय सदस्य थे - i. सैय्यद हुसैन बिलग्रामी ii. K.G. गुप्ता।)

दिल्ली दरबार (1911)

- ब्रिटिश सम्राट जॉर्ज पंचम और उनकी रानी भारत आए।

1. बंगाल विभाजन रद्द कर दिया गया।
2. दिल्ली को भारत की नई राजधानी घोषित किया गया।

नोट: इस समय बॉम्बे में गेटवे ऑफ़ इंडिया बनाया गया |

दिल्ली षड्यंत्र केस

- 1912 में राजधानी को दिल्ली लाने के दौरान, रास बिहारी बोस के नेतृत्व में चांदनी चौक में गवर्नर जनरल होर्डिंग II पर बम फेंका गया।
- इस घटना में चार लोगों को फांसी की सजा दी गई:
  1. अवध बिहारी
  2. अमीर चंद
  3. बालमुकुंद
  4. बसंत कुमार

कामागाटामारू हत्याकांड (1914)

- **कामागाटामारू** एक जापानी जहाज था, जिसमें सिंगापुर में रहने वाले बाबा गुरदित सिंह 376 भारतीयों को लेकर कनाडा के वैंकूवर बंदरगाह गया।
- कनाडा ने इन्हें प्रवेश नहीं दिया, लेकिन भारतीयों ने इसका विरोध किया और आंदोलन किया व तटीय समिति का गठन किया | एस समिति में तीन सदस्य थे - बलवंत सिंह , रहीम हुसैन व सोहन लाल पाठक |
- जहाज जापान के यकोहामा बंदरगाह पर पहुंचा, लेकिन विश्व युद्ध के कारण ब्रिटिश सरकार ने जहाज को वापस भारत भेजने का आदेश दिया। इस दौरान कलकत्ता के बंदरगाह पर भगदड़ मच गई, जिसमें 18 लोग मारे गए थे।

होमरूल लीग आंदोलन

- यह सिद्धांत आयरलैंड से लिया गया था। इसका उद्देश्य ब्रिटिश शासन के तहत आंतरिक मामलों में स्वायत्तता प्राप्त करना था।
- "इंडियन होमरूल लीग" की स्थापना बाल गंगाधर तिलक ने 1916 में की थी।
- जबकि एनी बेसेंट ने भी सितम्बर 1916 में "हॉमरूल लीग" की स्थापना मद्रास के पास आडयार में की। उन्होंने थियोसोफिकल सोसाइटी का तंत्र प्रयोग किया। उनके सचिव जॉर्ज आस्थेल और वी.पी. पाड्या थे।
- तिलक के होमरूल लीग का कार्यक्षेत्र महाराष्ट्र (बॉम्बे को छोड़कर), आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्यप्रदेश था, जबकि एनी बेसेंट के होमरूल लीग का कार्यक्षेत्र शेष भारत में था।
- तिलक ने 'मराठा' और 'केसरी' नामक समाचार पत्र निकाले, वहीं एनी बेसेंट ने 'New India' और 'Common Wheel' पत्र निकाले।
- सर्वाधिक शाखाएं मद्रास में थी ।
- गोपाल कृष्ण गोखले ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कुछ नेताओं को होमरूल लीग में प्रवेश करने से रोका।
- होमरूल लीग का संगठनात्मक स्वरूप ग्रामीण स्तर तक विस्तृत था, जहां समितियों का गठन किया गया था।
- तिलक ने स्थानीय मांगों को होमरूल के साथ जोड़ा, जिनमें निम्नलिखित शामिल थे:
  - क्षेत्रीय भाषाओं के आधार पर राज्यों का पुनर्गठन।
  - सरकारी आबकारी नीति का विरोध।
  - नमक कर का विरोध।
  - अस्पृश्यता निवारण हेतु आंदोलन।
  - सांप्रदायिक सद्भाव के लिए प्रयास।
- **मदन मोहन मालवीय, मुहम्मद अली जिन्ना, जवाहरलाल नेहरू, सुरेन्द्रनाथ बनर्जी** जैसे नेता एनी बेसेंट के होमरूल आंदोलन के सदस्य बने थे।
- **गोखले द्वारा स्थापित 'भारत सेवक समाज' के सदस्यों पर प्रतिबंध था कि वे होमरूल लीग के सदस्य नहीं बन सकते थे।**
- जब एनी बेसेंट को गिरफ्तार किया गया, तो सुब्रमण्यम चंद्रनाथ ने सर उपाधि त्याग दी। इससे होमरूल आंदोलन नेतृत्वविहीन हो गया।
- **20 अगस्त 1917 की मोन्टेग्यू घोषणा** के बाद, एनी बेसेंट ने होमरूल आंदोलन को समाप्त कर दिया।
- तिलक ने अपनी पुस्तक **'India Unrest'** के लेखक **विलियम वेलेटाइन शिरोल** के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज करने लंदन चले गये। इसके बाद, होमरूल लीग नेतृत्वविहीन हो गई।

राष्ट्रीय आंदोलन का तृतीय चरण - गांधी युग (1919-1947)

चम्पारण सत्याग्रह (1917)

- चम्पारण (बिहार) के किसान तिनकठिया प्रथा से पीड़ित थे। इस प्रथा के तहत उन्हें अपनी ज़मीन के 3/20 भाग पर नील की खेती करना अनिवार्य था, क्योंकि नील व्यापारियों ने अतिरिक्त धनराशि देकर किसानों से इस संबंध में समझौता किया था।
- किसानों के लिए नील की खेती लाभकारी नहीं थी, इसलिए वे इसके प्रति अनिच्छुक थे और इसे छोड़ना चाहते थे। इस पर तनाव बढ़ गया और एक स्थानीय नेता, राजकुमार शुक्ल ने गांधीजी को यहां आमंत्रित किया।
- गांधीजी के आगमन पर आंदोलन लोकप्रिय हुआ और सरकार ने एक कमेटी का गठन किया, जिसके सिफारिशों के बाद नील की खेती को रोक दिया गया। इस प्रकार, गांधीजी का यह पहला सत्याग्रह सफल रहा।

गांधीजी के अन्य सहयोगी:

1. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
2. जे.बी. कृपलानी
3. नरहरी पारेख
4. महादेव देसाई उर्फ भाऊ

- जूडिथ ब्राउन ने अपनी पुस्तक 'Gandhi's Rise to Power' में लिखा है कि रवीन्द्रनाथ टैगोर ने इस आंदोलन की सफलता पर गांधीजी को 'महात्मा' कहा।

खेडा आंदोलन (1918)

- खेडा (गुजरात) के किसान भारी बारिश और अकाल के कारण लगान अदा करने की स्थिति में नहीं थे। उन्होंने सरकार से लगान माफी की अपील की, लेकिन सरकार ने माफी नहीं दी।
- इसके बाद किसानों ने आंदोलन शुरू किया और गांधीजी की अध्यक्षता में 'गुजरात किसान सभा' का गठन किया।

प्रमुख नेता:

1. वल्लभभाई पटेल
2. इंदुलाल याग्निक
3. शंकरलाल बैंकर

अहमदाबाद मिल-मजदूर आंदोलन (1918)

- प्लेग बोनस के कारण यह आंदोलन चला था। मिल मालिक आम्बालाल हरिभाई गांधीजी के मित्र थे।
- इस आंदोलन के कारण गांधीजी ने भारत में पहली बार आमरण अनशन किया। इस आंदोलन में भी गांधीजी को सफलता मिली और मिल मालिक को 35 प्रतिशत बोनस देने पर मजबूर होना पड़ा।
- **अनुसुइया बेन** - गांधीजी की शिष्या और आम्बालाल हरिभाई की बहन थी।

रोलेट एक्ट के विरुद्ध सत्याग्रह

- 1917 में ब्रिटिश सरकार ने सिडनी रोलेट की अध्यक्षता में 'सेडिसन समिति' का गठन किया।
- विधान परिषद के भारतीय सदस्य इसके विरोध में थे, फिर भी मार्च 1919 में रोलेट एक्ट पारित किया गया। यह कानून बिना वकील, बिना अपील और बिना दलील के था।
- गांधीजी ने इसके खिलाफ सत्याग्रह सभा का आयोजन किया।
- 30 मार्च को अखिल भारतीय हड़ताल का आह्वान किया। हालांकि यह आंदोलन 6 अप्रैल तक स्थगित कर दिया गया।

6 अप्रैल, 1919 - प्रथम अखिल भारतीय हड़ताल

- स्वामी श्रद्धानंद ने गांधीजी को दिल्ली आमंत्रित किया, लेकिन गांधीजी को पलवल स्टेशन पर गिरफ्तार कर बॉम्बे भेज दिया गया।
- अमृतसर में गांधीजी की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे डॉ. सतपाल और सैफुद्दीन किचलू को 10 अप्रैल, 1919 को गिरफ्तार कर लिया गया।
- इसके विरोध में जनता के मौन जुलूस पर पुलिस ने दमनात्मक कार्रवाई की और अमृतसर में 5 लोगों की हत्या कर दी। स्थिति बिगड़ने पर मार्शल लॉ लागू किया गया और जनरल आर. डायर को कार्रवाई करने की अनुमति दी गई।

जलियांवाला बाग हत्याकांड (13 अप्रैल, 1919)

- 13 अप्रैल, 1919 को वैशाखी के दिन, जनरल डायर ने जलियांवाला बाग में जमा लोगों पर गोलियां चलवाईं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 379 लोग मारे गए, लेकिन वास्तविक संख्या 1000 से अधिक थी।
- हंसराज नामक भारतीय ने जनरल डायर की मदद की थी।
- पंजाब के लेफ्टिनेंट गवर्नर ने जनरल डायर की कार्रवाई को उचित ठहराया।
- रवींद्रनाथ ठाकुर ने इसके विरोध में नाइटहुड की उपाधि लौटा दी। शंकरन नायर ने गवर्नर जनरल की कार्यकारी परिषद से इस्तीफा दे दिया।
- सरकार ने इस हत्याकांड की जांच के लिए हंटर कमेटी का गठन किया, जिसमें 3 भारतीय सदस्य थे:
  1. चिमनलाल सीतलवाड़
  2. सुल्तान अहमद
  3. जगत नारायण
- कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में जनरल डायर को निर्दोष ठहराया और कहा कि वह केवल परिस्थितियों को समझ नहीं पाया था।
- गांधीजी ने हंटर कमेटी की रिपोर्ट को "पन्ने दर पन्ने निर्लज्ज लीपापोती" कहा।
- कांग्रेस ने हत्याकांड की जांच के लिए मदन मोहन मालवीय की अध्यक्षता में एक समिति गठित की, जिसमें गांधीजी और मोतीलाल नेहरू भी सदस्य थे।
- हाउस ऑफ लॉर्ड्स ने जनरल डायर को "स्वॉर्ड ऑफ़ ऑनर" भेंट किया और उसे ब्रिटिश साम्राज्य का सम्मानित सदस्य बताया।
- कालांतर में शहीद उधम सिंह ने जनरल डायर की हत्या कर दी।

खिलाफत आंदोलन (1919-1921)

- मुस्लिम लीग के मध्यमवर्गीय नेतृत्व ने भारत में खिलाफत आंदोलन की नींव रखी। इसके मुख्य नेता थे:
  1. डॉ. अहमद अंसारी
  2. मौलाना मोहम्मद अली
  3. मौलाना शौकत अली
  4. अब्दुल कलाम आजाद
- इनकी मांग थी कि तुर्की का खलीफा (सुल्तान) मुस्लिमों का धार्मिक और राजनीतिक नेता है, और ब्रिटिश सरकार को तुर्की के खिलाफ कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। तुर्की ने पहले विश्व युद्ध में जर्मनी का साथ दिया था।
- 1919 में अखिल भारतीय खिलाफत कमेटी का गठन किया गया और गांधीजी को इसका अध्यक्ष चुना गया।
- मुस्लिम लीग के जिन्ना के नेतृत्व वाले अभिजात्य वर्ग ने इस आंदोलन का विरोध किया।
- 17 अक्टूबर 1919: खिलाफत दिवस मनाया गया।
- 23 नवम्बर 1919: दिल्ली में पहला अधिवेशन हुआ, जिसकी अध्यक्षता गांधीजी ने की।
- 20 जून 1920: इलाहाबाद में हिंदू-मुस्लिम नेताओं ने संयुक्त बैठक की और असहयोग आंदोलन चलाने का निर्णय लिया।
- बाद में, खिलाफत आंदोलन, असहयोग आंदोलन का हिस्सा बन गए।
- तुर्की में मुस्तफा कमाल पाशा के नेतृत्व में यंग तुर्क मूवमेंट चला और इन्होने खलीफा की सत्ता को समाप्त कर दिया |
- जिसने खिलाफत आंदोलन का अंत किया।

1919 का भारत सरकार अधिनियम (मोंटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार)

मोंटेग्यू की घोषणा: 20 अगस्त 1917 को भारत सचिव लॉर्ड मोंटेग्यू ने ब्रिटिश संसद में यह घोषणा की ब्रिटिश सरकार का उद्देश्य भारत में उत्तरदायी शासन की स्थापना करना है।

अधिनियम की मुख्य विशेषताएँ:

- भारत परिषद् के सदस्यों की संख्या 8 से बढ़ाकर 12 कर दी गई।
- गवर्नर जनरल की कार्यकारी परिषद् में 3/8 सदस्य भारतीय होंगे।
- केंद्र में द्विसदनात्मक व्यवस्था की होगी:
  - काउन्सिल ऑफ स्टेट
  - केंद्र में द्विसदनात्मक असेम्बली
- केंद्र एवं प्रांतों के बीच विषयों का विभाजन किया गया:
  - संघीय सूची
  - प्रांतीय सूची
- पहली बार प्रत्यक्ष की प्रक्रिया शुरू की गई, लेकिन महिलाओं को मताधिकार नहीं दिया गया।
- मुसलमानों के साथ सिक्खों, आंग्ल - भारतीय, भारतीय ईसाईयों एवं यूरोपियन्स के लिए भी पृथक निर्वाचन पद्धति लागू कर दी गई |
- प्रांतों में द्वैध शासन की स्थापना: इसके अंतर्गत प्रांतीय विषयों को दो श्रेणियों में बांटा गया:
  - आरक्षित (Reserved)
  - स्थानांतरित (Transferred)
- 1909 के अधिनियम में कहा गया था कि 10 वर्षों में भारत के नए सुधार लागू किए जाएंगे।

Note: सुरेन्द्रनाथ बनर्जी ने 1919 में "अखिल भारतीय उदारवादी संघ" का गठन किया।

असहयोग आंदोलन (1920–1922)

- सितंबर 1920 में कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन (अध्यक्ष - लाला लाजपत राय) में महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन का प्रस्ताव रखा। कुछ नेताओं ने विरोध किया, जैसे - सी.आर. दास, मदन मोहन मालवीय, जिन्ना, एनी बेसेंट, शंकरन नायर, विपिचंद्र पाल।
- फिर भी गांधी जी ने अली बंधुओं एवं मोतीलाल नेहरू के समर्थन से यह प्रस्ताव पारित करवा लिया |
- बाद में दिसंबर 1920 में नागपुर अधिवेशन (अध्यक्ष - सी. वाय. चिंतामणि) में आंदोलन को औपचारिक रूप से स्वीकृति दी गई।
- जब असहयोग का प्रस्ताव पास हुआ तो इसके विरोध में जिन्ना, एनी बेसेंट एवं विपिन चन्द्र पल ने कांग्रेस छोड़ दी ।
- विदेशी वस्त्रों की होली जलाई गई।

नागपुर अधिवेशन का ऐतिहासिक महत्व इस कारण है कि इसमें यह स्वीकार किया गया कि स्वराज्य प्राप्ति के लिए सरकार का शांतिपूर्ण और अहिंसात्मक विरोध ही एकमात्र मार्ग होगा।"

चौरी-चौरा कांड (1922)

- **तारीख:** 4 फरवरी 1922
- **स्थान:** चौरी-चौरा, गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)
- **घटना:** पुलिस फायरिंग से गुस्साए आंदोलनकारियों ने थाना जला दिया, जिसमें 22 पुलिसकर्मी मारे गए।
- इस हिंसक घटना के कारण महात्मा गांधी ने 22 फरवरी 1922 को असहयोग आंदोलन को समाप्त कर दिया।

स्वराज पार्टी (1923)

- **1 जनवरी 1923** को **इलाहाबाद** में **स्वराज पार्टी** की स्थापना की गई।
- **अध्यक्ष** – चित्तरंजन दास
- **सचिव** – मोतीलाल नेहरू
- **1923 के चुनावों** में स्वराज दल ने शानदार प्रदर्शन किया:
  - **मध्य प्रांत** में पूर्ण बहुमत प्राप्त किया।
  - **बंगाल, संयुक्त प्रांत और बॉम्बे** में प्रमुखता से जीत दर्ज की।
  - **केन्द्रीय विधानमंडल** में कुल **101 में से 42 सीटें** हासिल कीं।
- इस सफलता के परिणामस्वरूप, स्वराज पार्टी ने **विठ्ठलभाई पटेल** को **केन्द्रीय विधान परिषद** का अध्यक्ष निर्वाचित करवाने में सफलता प्राप्त की।

स्वराज पार्टी को **"परिवर्तनवादी"** कहा गया क्योंकि इसके नेता **विधानमंडल में प्रवेश कर सरकार के अंदर रहकर विरोध और जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाना चाहते थे**।

साइमन कमीशन (1927)

- 1927 ई. में **साइमन कमीशन** का गठन किया गया, जिसमें **7 ब्रिटिश सदस्य** थे। इसका उद्देश्य भारत में राजनीतिक सुधारों के लिए सिफारिशें देना था क्योंकि 1919 के अधिनियम में यह प्रावधान था कि प्रत्येक 10 वर्ष पश्चात ब्रिटिश सरकार एक आयोग का गठन करेगी जो संवैधानिक सुधारों की सिफारिश करेगा।
- इसके विरोध में नेहरू जी ने **सात सदस्यीय समिति** बनाई, जिसने अपनी रिपोर्ट **10 अगस्त 1928** को प्रस्तुत की।
- चूंकि **साइमन कमीशन में कोई भी भारतीय सदस्य नहीं था**, इसलिए भारतीयों ने इसका तीव्र विरोध किया।
- हालांकि **मद्रास की जस्टिस पार्टी**, **पंजाब की यूनियनिस्ट पार्टी**, **डॉ. भीमराव अंबेडकर**, तथा **मुस्लिम लीग का शफी गुट**—इन सभी ने साइमन कमीशन का विरोध नहीं किया।

साइमन कमीशन की सिफारिशें:

- 1919 के भारत सरकार अधिनियम के तहत लागू की गई **द्वैध शासन व्यवस्था समाप्त** कर और उत्तरदायी शासन की स्थापना की जायेगी |
- भारत में **संघात्मक व्यवस्था** लागू की जायेगी ।
- केंद्र में भारतीयों को कोई भी उत्तरदायित्व न दिया जाए।

- ब्रिटिश भारत और भारतीय रियासतों को मिलाकर एक **ब्रिटिश संघ** का गठन किया जाए।
- **बर्मा को भारत से अलग** किया जाए, तथा उड़ीसा और सिंध को अलग प्रांतों का दर्जा दिया जाए।
- **मताधिकार को अधिक व्यापक** किया जाए, यद्यपि सार्वभौमिक मताधिकार न दिया जाए।
- **पृथक निर्वाचन प्रणाली** को असंतोषजनक बताया गया, फिर भी उसे जारी रखने की सिफारिश की गई।

नेहरू रिपोर्ट (1928)

- **साइमन कमीशन के बहिष्कार** के बाद भारत सचिव **लॉर्ड बर्कन हेड** ने भारतीयों के समक्ष चुनौती राखी कि वे एक ऐसा संविधान बनाकर ब्रिटिश संसद में प्रस्तुत करें जिसे सभी दलों का समर्थन प्राप्त हो।
- कांग्रेस ने इस चुनौती को स्वीकार कर **28 फरवरी 1928 को दिल्ली में सर्वदलीय सम्मेलन** बुलाया और **मोतीलाल नेहरू की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय समिति** का गठन किया।

नेहरू रिपोर्ट की सिफारिशें:

1. ब्रिटिश भारत और भारतीय रियासतों को मिलाकर एक **संघीय ढांचे** की स्थापना की जाए।
2. **पृथक निर्वाचन प्रणाली समाप्त** की जाए, परंतु जहाँ मुसलमान अल्पसंख्यक हैं, वहां उन्हें **आरक्षण** दिया जाए।
3. **सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार** की मांग की गई।
4. **दलितों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों** के लिए विशेष प्रावधान किए जाएं।
5. भारत में **सर्वोच्च न्यायालय** की स्थापना हो और इंग्लैंड की प्रिवी काउंसिल में अपील भेजना बंद किया जाए।
6. **बर्मा को भारत से अलग** किया जाए।
7. भारत को **डोमिनियन स्टेट** का दर्जा दिया जाए।
8. **सिंध, उड़ीसा और उत्तर-पश्चिमी सीमा प्रांत** को नए प्रांत के रूप में गठित किया जाए।
9. **भाषाई आधार पर प्रांतों का पुनर्गठन** किया जाए।

- **मुस्लिम लीग**, **हिंदू महासभा**, और **सिख महासभा** ने नेहरू रिपोर्ट का विरोध किया।
- **जवाहरलाल नेहरू और सुभाष चंद्र बोस** ने डोमिनियन स्टेट की मांग का विरोध किया और **इंडिपेंडेंट फॉर इंडिया लीग** की स्थापना की।
- नेहरू रिपोर्ट के विरोध में **मोहम्मद अली जिन्ना** ने **14 सूत्रीय मांग-पत्र** प्रस्तुत किया जिसमें **अवशिष्ट शक्तियाँ प्रांतों को देने** की बात शामिल थी।

लाहौर अधिवेशन (1929)

अध्यक्ष – जवाहरलाल नेहरू

- अधिवेशन में **'पूर्ण स्वराज'** का प्रस्ताव पारित किया गया।
- 26 जनवरी को **स्वतंत्रता दिवस** के रूप में मनाने की घोषणा की गई।
- कांग्रेस कार्यसमिति को **सविनय अवज्ञा आंदोलन** शुरू करने की स्वीकृति दी।
- **गांधीजी ने 11 सूत्रीय मांग-पत्र** प्रस्तुत किया।
- मांगें न माने जाने पर **12 मार्च 1930 को गांधीजी ने साबरमती आश्रम से 78 साथियों के साथ दांडी यात्रा** शुरू की और **6 अप्रैल 1930** को दांडी पहुंचकर **नमक कानून तोड़ा**, जिसे **दांडी मार्च** कहा गया – यही से सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरुआत हुई।

गांधी-इरविन समझौता (1931)

5 मार्च 1931 को तेजबहादुर सप्रू और जयकर के प्रयासों से यह समझौता हुआ, जिसके तहत:

- **हिंसा अपराधियों के अतिरिक्त का दोषी नहीं ठहराए गए सभी राजनीतिक कैदियों की तत्काल रिहाई**;
- अपहरण की सम्पत्ति वापस कर दी जायेगी।**अभी तक वसूल नहीं किए गए सभी जुर्मानों को माफ करना**;
- उन सभी जमीनों को वापस करना जो अभी तक तीसरे पक्ष को नहीं बेची गई हैं;
- उन सरकारी कर्मचारियों के साथ उदारता बरती जाए जिन्होंने इस्तीफा दे दिया था;
- तटीय गांवों में व्यक्तिगत उपयोग (बिक्री के लिए नहीं) के लिए नमक बनाने का अधिकार;
- शांतिपूर्ण और गैर-आक्रामक धरना देने का अधिकार;
- अध्यादेशों को वापस लेना।
- वायसराय ने गांधी की **दो मांगों को ठुकरा दिया -**
  - **पुलिस ज्यादतियों की सार्वजनिक जांच**,
  - **भगत सिंह और उनके साथियों की मौत की सजा को उम्रकैद में बदलना।**
- कांग्रेस की ओर से गांधी**जी ने इस पर सहमति व्यक्त की -**
  - **सविनय अवज्ञा आंदोलन को स्थगित करना।**
  - **संवैधानिक मुद्दे पर अगले गोलमेज सम्मेलन में भाग लेना।**
  - **गांधी**-इरविन सम**झौते के बाद**, **गांधीजी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन को स्थगित करने का फैसला किया।**

गोलमेज सम्मेलन (1930–1932)

- ब्रिटिश सरकार द्वारा **तीन गोलमेज सम्मेलन** आयोजित किए गए (1930, 1931, 1932) ।
- कांग्रेस ने केवल **दूसरे गोलमेज सम्मेलन (1931)** में भाग लिया।
- कांग्रेस की ओर से केवल **गांधीजी** ने भाग लिया।
- गांधीजी **'राजपूताना' नामक जहाज** से लंदन गए थे।
- **सरोजिनी नायडू** और **मदन मोहन मालवीय** ने व्यक्तिगत रूप से भाग लिया।
- **फ्रैंक मोरेस** ने गांधीजी की लंदन यात्रा का वर्णन किया।
- गांधीजी 28 दिसंबर, 1931 को खाली हाथ भारत लौट आए।
- लंदन से लौटकर गांधीजी ने **सविनय अवज्ञा आंदोलन पुनः शुरू** किया (1932) ।
- अंततः **1934 में सविनय अवज्ञा आंदोलन समाप्त** कर दिया गया।

कराची अधिवेशन (1931)

- **6 अप्रैल 1930** को गांधीजी ने दांडी में नमक कानून का उल्लंघन किया था।
- 1930–31 में **बच्चों के लिए 'वानर सेना'** और **लड़कियों के लिए 'मंजरी सेना'** का गठन किया गया।
- **अध्यक्ष:** सरदार वल्लभभाई पटेल
  - **गांधी-इरविन समझौते** (दिल्ली समझौता) को स्वीकृति दी गई।
  - कांग्रेस के **आर्थिक कार्यक्रम की घोषणा** की गई, जिसमें अर्थव्यवस्था के समाजवादी ढांचे को अपनाने पर बल दिया गया।

सांप्रदायिक पंचाट (16 अगस्त 1932)

- 16 अगस्त 1932 को ब्रिटिश प्रधानमंत्री **रामसे मैकडोनाल्ड** द्वारा यह घोषणा की गई कि **दलितों को पृथक निर्वाचित प्रतिनिधित्व** प्रदान किया जाएगा।
- इस **पंचाट** ने दलित वर्गों सहित अल्पसंख्यकों के लिए अलग निर्वाचक मंडल और आरक्षित सीटों (78 आरक्षित सीटें) का प्रावधान किया।
- उस समय गांधीजी **यरवदा जेल** में थे। उन्होंने **20 सितंबर 1932 को आमरण अनशन** शुरू कर दिया।

पूना समझौता (26 सितंबर 1932)

- यह समझौता 26 सितम्बर 1932 को **महात्मा गांधी** और **डॉ. भीमराव अंबेडकर** के बीच हुआ।
- **राजेन्द्र प्रसाद, सी. राजगोपालाचारी** और **पुरुषोत्तमदास टंडन** ने इस समझौते को कराने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- डॉ. अंबेडकर ने **पृथक निर्वाचन प्रणाली** को त्याग दिया और **सामान्य निर्वाचन में आरक्षण** स्वीकार किया। दलितों के लिए सीटें **71 से बढ़ाकर 148** कर दी गईं।
- गांधीजी ने **दलितों को 'हरिजन'** नाम दिया, **'हरिजन' नामक पत्रिका** शुरू की और **अखिल भारतीय हरिजन संघ** की स्थापना की।

भारत सरकार अधिनियम 1935

प्रमुख प्रावधान:

1. **भारत परिषद** को समाप्त कर उसके स्थान पर एक **सलाहकार समिति** का गठन किया गया।
2. **संघीय ढांचे की परिकल्पना** की गई, जिसमें **ब्रिटिश भारत और देशी रियासतों** को शामिल किया जाना था। रियासतों की रुचि न होने के कारण यह संघ अस्तित्व में नहीं आ सका।
3. केंद्र में **द्विसदनीय विधायिका** की स्थापना की गई:



4. केंद्र में **द्वैध शासन प्रणाली** लागू की गई; विषयों को दो भागों में बाँटा गया:
   - आरक्षित विषय
   - हस्तांतरित विषय
5. **बर्मा को भारत से अलग** कर दिया गया।
6. **मुस्लिम, सिख और एंग्लो-इंडियन समुदायों** के लिए **पृथक निर्वाचनों** की व्यवस्था जारी रखी गई।
7. **उड़ीसा, सिंध और उत्तर-पश्चिमी सीमांत प्रांत** नए प्रांत बनाए गए।
8. विषयों को तीन सूचियों में विभाजित किया गया:
   - संघ सूची
   - राज्य सूची
   - समवर्ती सूची
9. गवर्नर जनरल को **वीटो और अध्यादेश** जारी करने का अधिकार दिया गया।
10. **प्रांतीय स्तर पर द्वैध शासन समाप्त** कर **उत्तरदायी शासन** की स्थापना की गई और **प्रांतीय स्वायत्तता** पर बल दिया गया।
11. **दलितों को आरक्षण** प्रदान किया गया।
12. **संघीय न्यायालय** की स्थापना की गई।
13. **RBI** की स्थापना की गई।
14. **मताधिकार का दायरा बढ़ाया गया**; महिलाओं को भी इसमें शामिल किया गया।
15. **संघीय लोक सेवा आयोग** का गठन किया गया।

1937 के प्रांतीय चुनाव

- **भारत सरकार अधिनियम 1935** के तहत प्रांतों में चुनाव कराए गए।
- कुल 11 प्रांतों में से **5 प्रांतों में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत** मिला: बिहार, मद्रास, उड़ीसा, संयुक्त प्रांत, मध्य प्रांत।
- **बॉम्बे में कांग्रेस एक सीट से बहुमत से पीछे रह गई।**
- **उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांत और असम** में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनी।
- **सिंध, पंजाब और बंगाल** में कांग्रेस पिछड़ गई।
- **मुस्लिम लीग** को किसी भी प्रांत में स्पष्ट बहुमत नहीं मिला।
- लीग ने विभिन्न प्रांतों में गठबंधन सरकार बनाने का प्रस्ताव दिया, जिसे कांग्रेस ने अस्वीकार कर दिया।
- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान **ब्रिटिश सरकार ने भारत को युद्ध में शामिल करने की घोषणा** की, जिसका कांग्रेस ने विरोध किया।
- **15 नवम्बर 1939 को कांग्रेस की प्रांतीय सरकारों ने इस्तीफा** दे दिया।
- **22 दिसम्बर 1939** को **मुस्लिम लीग ने 'मुक्ति दिवस'** मनाया।